JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2021/04/353–प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 10.04.2021

जयपुर मेट्रोः रात्रि कालीन कर्फ्यू के दौरान 10 अप्रैल 2021 से मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएं सांय 07:30 बजे तक।

जयपुर 10 अप्रैल। जयपुर जिले में कोविड–19 की दूसरी लहर के प्रकरणों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं कोरोना संक्रमण के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी नवीन आदेशों के अनुसार जयपुर शहर में रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक रात्रि कालीन कर्फ्यू रहेगा एवं सभी बाजार, कार्य स्थल एवं व्यवसायिक कॉम्पलेक्स रात्रि कालीन कर्फ्यू के दौरान बंद रहेगें।

इसको दृष्टिगत रखते हुए जयपुर मेट्रो ने अपने परिचालन समय में आंशिक संशोधन किया है। दिनांक 10.04.2021 से मेट्रो ट्रेनों का परिचालन प्रातः 06:20 बजे से सांय 07:30 बजे तक कर दिया गया है। जिसके तहत् बड़ी चौपड़ से मानसरोवर के लिए अन्तिम ट्रेन शाम 07:30 बजे तथा मानसरोवर से बड़ी चौपड़ हेतु अन्तिम ट्रेन शाम 07:30 बजे चलेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि मेट्रो परिचालन की यह व्यवस्था राज्य सरकार के आगामी आदेशों तक बनी रहेगी तथा इस आंशिक परिवर्तन के अलावा ट्रेनों का संचालन यथावत रहेगा। साथ ही मेट्रो में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है। इसकी निगरानी और शत–प्रतिशत लागू करने हेतु मेट्रो कर्मचारी एवं मेट्रो पुलिस मौजूद रहेगें। जयपुर मेट्रो प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस (COVID-19) रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त निर्देशों का सख्ती से पालन किया जायेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी